

Kashish News Oct 26, 2019 758 हमर बिहार

# बाढ़ में पनीर की नकली फैक्ट्री का खुलासा, जांच के लिए भेजा सेंपल

**BARH:** बाढ़ से इस वक्त बड़ी खबर आ रही है. अनुमंडल प्रशासन के निर्देश पर बख्तियारपुर के अंचलाधिकारी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली पनीर बनाने वाली फैक्ट्री का खुलासा किया है.

प्रशासनिक टीम ने 6 फैक्ट्रियों में छापेमारी की. इस दौरान मिठाई फैक्ट्री में भारी मात्रा में नकली पनीर बरामद किया गया है, जो केमिकल और पाउडर से बनाए गए थे. बरामद पनीर का सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा गया है. अंचलाधिकारी ने बताया कि जांच जारी रहेगी. अनुमंडल प्रशासन की कार्रवाई से मिठाई दुकानदारों में हड़कंप मच गया है.

बाढ़ से अजय की रिपोर्ट

Source: https://www.kashishnews.com/news/5804/barh-mein-nakli-paneer-ki-factory-ka-khulasa